पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

पंचायती राज विभाग ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर किया जारी

पंचायती राज विभाग की नई पहलःनारी शक्ति की नई उड़ान, गांव बदल रही महिला प्रधान

महिला सशक्तिकरण को नई दिशाः पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी पर जोर

महिलाओं को नेतृत्व में आगे लाने की पहल, पंचायती राज विभाग का विशेष कैलेंडर जारी

पंचायतों में सशक्त महिलाएं ही विकास की असली ताकत–मा. पंचायती राज मंत्री

लखनऊ : 06 जनवरी, 2026

महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायतों में उनकी वास्तविक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

कैलेंडर के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में महिलाएं केवल नाम की प्रधान या प्रतिनिधि न रहें, बल्कि विकास कार्यों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने, अपनी बात मजबूती से रखने और पंचायत संचालन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों, पंचायत भवनों एवं विभागीय कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों में महिलाओं की सहभागिता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित हो सके। पंचायती राज विभाग का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

माननीय पंचायती राज मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि नारी शक्ति की नई उड़ान, गांव बदल रही महिला प्रधान केवल एक पहल नहीं, बल्कि मजबूत लोकतंत्र की नींव है। जब पंचायतों में महिलाएं सशक्त होंगी और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तभी गांवों का समग्र विकास संभव होगा। यह कैलेंडर महिला हितैषी सोच को जन–जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

श्री अमित कुमार सिंह, निदेशक पंचायती राज विभाग ने कहा कि यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों के लिए एक प्रेरक एवं मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो महिला हितैषी सोच को व्यवहार में उतारने में सहायक होगा। इसके माध्यम से पंचायतों को महिलाओं के सम्मान, सहभागिता और सशक्त भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रेरणा मिलेगी।

सम्पर्क सूत्र– राजेश राय

राघवेन्द्र / 03:50 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in